केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

आवधिक परीक्षा -1

विषय -हिंदी कक्षा-छह अवधि- 1:30 घंटे पूर्णांक 40

टिप्पणी : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

---

1) निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x5=5)

मानव एवं पर्यावरण एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। अगर हमारी जलवायु में थोड़ा भी परिवर्तन होता है तो इसका सीधा असर हमारे शरीर पर दिखने लगता है। अगर ठंढ ज्यादा पड़ती है तो हमें सर्दी हो जाती है लेकिन अगर गर्मी ज्यादा पड़ती है तो हम सहन नहीं कर पाते। पर्यावरण वह प्राकृतिक परिवेश है जो पृथ्वी पर बढ़ने और पोषण में सहायता करता है। प्राकृतिक पर्यावरण पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व में महान भूमिका निभाता है। यह मनुष्य, जानवरों और अन्य जीव जंतुओं के विकास के लिए सबसे जरूरी तत्त्व है। मनुष्य अपने गतिविधियों से अपने पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। विकास की अंधी दौड़ ने पर्यावरण को नष्ट करना प्रारम्भ कर दिया है। यह दौड़ न केवल मनुष्य को वरन् अन्य जीव जंतुओं को एक दिन अंधे कुएं मे धकेल देगी।

1) कौन -कौन एक दूसरे पर निर्भर हैं?
2) जलवायु परिवर्तन का सीधा असर किस पर पड़ता है?
3) प्राकृतिक पर्यावरण किसमें सहायक होता है?
4) मनुष्य, जानवरों और अन्य जीव जंतुओं के विकास के लिए सबसे जरूरी तत्त्व क्या है?
5) किसने पर्यावरण को नष्ट करना प्रारम्भ कर दिया है?

2) निम्न पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए- (1x5=5)

वह चिड़िया जो
चोंच मारकर
चढ़ी नदी का दिल-टटोलकर
जल का मोती ले जाती है
वह छोटी गरबीली चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे नदी से बहुत प्यार है।

क) कवि और कविता का नाम लिखिए।
ख) चिड़िया नदी से जल कैसे लेती है?

ग) <u>गरबीली</u> शब्द का अर्थ बताइए?

घ) <u>'जल का मोती ले जाती है'</u> पंक्ति का आशय क्या है?

ङ) चिड़िया को किससे प्यार है?

3)-निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x5=5)

हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव-जन्तु नहीं थे। फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले ही जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ। कोई दस हजार साल पहले आदमी ने गावों को बसाना शुरू किया। वह खेती करने लगा। वह पत्थरों के औजारों का इस्तेमाल करता था। फिर उसने ताँबे और कांसे के भी औज़ार बनाए।

प्रश्न -

I) यह धरती कितने साल पुरानी है?

क)तीन अरब साल

ख)पाँच अरब साल

ग)चार अरब साल

घ)दस अरब साल

II) दो-तीन अरब साल तक धरती पर क्या नहीं थे?

क) जीव-जन्तु

ख) मनुष्य

ग) पेड़-पौधे

घ) कोई जानकारी नहीं

III) आदमी कितने साल पहले इस धरती पर जन्म लिया-

क)दो लाख साल

ख)छह लाख साल

ग)पाँच लाख साल

घ)दस लाख साल

IV) आदमियों ने गाँव बसाना कब शुरू किया?

क)दस हज़ार वर्ष पहले

ख)पंद्रह हज़ार वर्ष पहले

ग)छह हज़ार वर्ष पहले

घ)पाँच हजार वर्ष पहले

V) शुरू में मनुष्य किससे बने औज़ार इस्तेमाल करता था?

क)पत्थर

ख)कांसा

ग)तांबा

घ)लोहा

4) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2x5=10)

क) लेखिका के चश्मा लगाने पर उनके चचेरे भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थे?

ख) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मंगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

ग) अन्तरिक्ष यान को किसने भेजा था और क्यों?

घ) कवि ने चाँद से गप्पें किस दिन लगाई होगी?उसका कारण भी बताइए।

6) बाल-रामकथा के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2x3=6)

क) अयोध्या किस राज्य की राजधानी थी?

ख) रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से कौन से दो वरदान मांगे?

ग) सीता राम के साथ वन जाना चाहती थीं। इसके लिए उन्होने राम को क्या कारण बताया?

7) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क) निम्न शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखिए- (½*2=1)

असफल , अनावश्यक

ख) 'नज़र रखना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए- (1)

7) दो दिन के अवकाश के लिए प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए । (5)

8) निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर लगभग सौ शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (4)

क) मेरा विद्यालय ख) आपने गर्मी की छुट्टियाँ कैसे बिताई

****